**प्रेस नोट**

**जनपद सीतापुर**

# गुमशुदा सभासद को पुलिस ने किया 07 घंटे में लखनऊ से सकुशल बरामद

थाना लहरपुर पर कल दिनांक 23.12.2020 को वकील उर्फ गुड्डू पुत्र हसमत अली नि0 मो0 ताड़तले थाना लहरपुर ने अपने भाई मो0 आलम उम्र 30 वर्ष जो कि स्थानीय सभासद है, के दिनांक 22.12.20 समय करीब 2.00 बजे दोपहर से घर से बिना बताये कहीं चले जाने एवम् वापस न आने की सूचना दी। जिसके आधार पर थाना लहरपुर पुलिस द्वारा तत्काल गुमशुदगी पंजीकृत की गयी तथा पुलिस अधीक्षक श्री आर.पी.सिंह द्वारा सभासद मो0 आलम की सकुशल बरामदगी हेतु क्षेत्राधिकारी श्री यादवेंद्र यादव के नेतृत्व में थाना लहरपुर पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम को लगाया गया।

इस क्रम में थाना लहरपुर व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा मो0 आलम उपरोक्त के मोबाइल नम्बर की ट्रेसिंग कर गुमशुदा उपरोक्त को मोहल्ला राजेंद्र नगर नाका हिंडोला जनपद लखनऊ में स्थित उनके दोस्त मेहताब के आवास से सकुशल बरामद किया गया। जिन्हें थाना स्थानीय पर लाकर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए परिजनों के सुपुर्द किया गया। गुमशुदा सभासद ने पूछताछ पर बताया कि परिजनों से किसी बात पर मनमुटाव हो जाने पर नाराज होकर घर से चले गये थे तथा मोबाइल स्विच आफ कर दिया था। परिजनों द्वारा उक्त त्वरित कार्यवाही हेतु पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। उक्त प्रकार की सूचनाओं पर त्वरित रूप से किये गये सफल प्रयासों एवम् कार्यवाहियों की जनसाधारण द्वारा सराहना की जा रही है। जनपदीय पुलिस आमजनमानस की सुरक्षा एवम् सहायता हेतु इसी प्रकार सदैव तत्पर रहेगी।

**गुमशुदा विवरण :-** मो0 आलम पुत्र हसमत अली नि0 मोहल्ला ताड़तले थाना लहरपुर सीतापुर उम्र 30 वर्ष। (स्थानीय सभासद)

**<u>संयुक्त पुलिस टीम :</u>**

1. उ0नि0 श्री दिलीप सिंह थाना लहरपुर
2. उ0नि0 श्री मनीष सिंह प्रभारी सर्विलांस
3. हे0का0 घनश्याम शर्मा थाना लहरपुर
4. का0 पप्पू सिंह थाना लहरपुर
5. कां0 विकुल कुमार थाना लहरपुर
6. का0 टीटू सर्विलांस टीम

